-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.06.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार 50,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा 315 मय 02 जिन्दा कारतूस व हथकड़ी मय जंजीर बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु पुरस्कार घोषित अपराधी व अवैध शस्त्र रखने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 27.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान 50,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित पुलिस अभिरक्षा से फरार **अभियुक्त मुसाहिब उर्फ लम्बो पुत्र इल्ताफ निवासी ग्राम महेश्वरी खुर्द थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर** को निर्माणधीन बाईपास ग्राम देवला के पीछे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल कालेज मेरठ से पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था, जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना मेडिकल जनपद मेरठ पर **मु0अ0स0 227/2025 धारा 261/262 बीएनएस पंजीकृत किया गया।** फरार अभियुक्त पर **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर द्वारा 25,000/- रुपये व तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मेरठ द्वारा 25,000/- रुपये का का पुरुष्कार घोषित किया गया था तथा अभियुक्त कुल 50,000/- रुपये का पुरुष्कार घोषित अपराधी है।** गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर **मु0अ0सं0 234/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत** किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर के हत्या के एक मुकदमे में सहारनपुर जिला कारागार में निरुद्ध था तथा जिला कारागार सहारनपुर मे बीमार होने पर इलाज हेतु मेरठ मेडिकल कालेज मेरठ मे भर्ती था इलाज के दौरान दिनाक 19.06.2025 को सुबह के समय मैं मेरठ मेडिकल कालेज मेरठ से पुलिस अभिरक्षा से भाग गया था।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

अभियुक्त मुसाहिब उर्फ लम्बो पुत्र इल्ताफ निवासी ग्राम महेश्वरी खुर्द थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर।

### बरामदगी का विवरणः-

- 01 तमंचा 315 बोर
- 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
- 01 हथकड़ी व लोहे की कटी हुई जंजीर

### गिरफ्तार अभियुक्त मुसाहिब उर्फ लम्बो का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 48/24 धारा 396/412 भा0द0वि0 थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर।
2. मु0अ0सं0 227/25 धारा 261/262 बीएनएस थाना मेडिकल जनपद मेरठ।
3. मु0अ0सं0 234/25 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. व0उ0नि0 श्री सुनील कुमार शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3.उ0नि0 भीमप्रकाश थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपर।
4. है0का0 207 दिनेश कुमार, थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
5. है0का0 526 सनोवर ताज थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
6. का0 1932 बिजेन्द्र सिह थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.06.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गई 01 मोटरसाइकिल बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 25.06.2025 को वादी रोहिताश रुहेला पुत्र धनीराम निवासी कस्बा टीचर कॉलोनी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अभि0 मोहित पुत्र किला निवासी ग्राम शेखपुरा थाना सरसावा जिला सहारनपुर द्वारा वादी की मोटर साईकिल स्पलैण्डर प्लस रजि न0 HR02AE5854 चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर मु0अ0स0 216/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एवं चोरी/वाहन चोरी/लूट आदि घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अभियुक्त **मोहित पुत्र किला निवासी ग्राम शेखपुरा थाना सरसावा जिला सहारनपुर** को चोरी कि गई मोटर साईकिल स्पलैण्डर रजि न0 **HR02AE5854** के साथ नकुड रोड़ से ग्राम शेखपुरा को जाने वाले खंडजे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटर साइकिल मैने दिनांक 23.06.2025 को सरकारी अस्पताल शेखपुरा से चोरी की थी, जिसको आज मैं बेचने की फिराक में घूम रहा था।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

मोहित पुत्र किला निवासी ग्राम शेखपुरा थाना सरसावा जिला सहारनपुर।

### बरामदगी का विवरण

- 01 मोटर साईकिल स्पलैण्डर प्लस (रंग सिल्वर रजि नं0- HR02AE5854)

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री महेश सिंह थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
2. है0का0 892 अजय राठी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
3. का0 1259 विनीत तोमर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.06.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 111 ग्राम अवैध चरस बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 27.06.25 को थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त **आसिफ पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर** को ग्राम सबरीपुर आम के बाग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 111 ग्राम अवैध चरस बरामद हुयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0 131/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय समक्ष के पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मैं पढ़ा लिखा नही हूँ तथा नशा करने का आदी हूँ, पैसों के लालच में मैंने यह चरस एक अन्जान व्यक्ति से खरीदी थी। जिसे बेचकर मैं अच्छे पैसे कमा लेता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

आसिफ पुत्र मुर्सलीन नि0 ग्राम मुजफ्फराबाद थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरण**

- 111 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. थानाध्यक्ष श्री सचिन पूनिया थाना फतेहपुर सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री सुनील कुमार यादव थाना फतेहपुर सहारनपुर।
3. उ0नि0 श्री सजल कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर।
4. है0का0 617 प्रदीप कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर।
5. का0 952 अरविन्द थाना फतेहपुर सहारनपुर।
6. का0 811 दीपक कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर।

दिनांक –27.06.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 26.06.2025 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त रहमान पुत्र इकराम निवासी मौ0 कारिस्तान निकट ईदगाह गंगोह रोड थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर के द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना थाना सरसावा पर मु0अ0स0 220/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी व अपहर्ता की सकुशल बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे।** आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए वांछित **अभियुक्त रहमान पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला कारिस्तान निकट ईदगाह गंगोह रोड कस्बा व थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर** को पीजीआई अस्पताल की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

रहमान पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला कारिस्तान निकट ईदगाह गंगोह रोड कस्बा व थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 श्री चन्द्रपाल सिंह थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
2. है0का0 251 विदोष थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 361 मनोज थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

दिनांक: **27.06.2025**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 11.06 ग्राम स्मैक व 40.12 ग्राम स्मैक कट व 02 सिलवर पेपर व 1390 रुपये बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 नशा तस्कर **अभियुक्त अकबर पुत्र अल्लाबन्दा निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर** को रायपुर गन्देवड मार्ग पर स्थित ट्यूबैल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 11.06 ग्राम अवैध स्मैक , 40.12 ग्राम स्मैक कट व 02 सीलर पेपर व 1390 रुपये बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अकबर उपरोक्त के विरुद्ध थाना मिर्जापुर पर मु0अ0सं0 91/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**विवरण पूछताछ-** पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैं चोरी छिपे उत्तराखण्ड से नशीला सामान सस्ते दामों में लेकर आता हूँ और ट्रक चालकों व नशा करने वाले लोगों को महगे दामों में बेच देता हूँ। जिससे मुझे अच्छी खासी कमाई हो जाती है और मै अपने खाने पीने व घूमने फिरने के शौक पूर कर लेता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

अकबर पुत्र अल्लाबन्दा निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण –**

- 11.06 ग्राम अवैध स्मैक
- 40.12 ग्राम स्मैक कट
- 02 सिलवर पेपर
- 1390/- रुपये

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1.उ0नि0 श्री नितिन कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।
2.का0 2415 अंकित कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।
3.का0 2543 सोनू कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.06.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 02 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल 18.55 ग्राम स्मैक व 32.57 ग्राम स्मैक कट व 04 सिलवर पेपर बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 02 नशा तस्कर **1.अहसान पुत्र नसीम निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर 2.सोहेल उर्फ अलिजान पुत्र नसीम निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर** को रायपुर हथनीकुण्ड मार्ग पर ग्राम भूडडी मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अहसान उपरोक्त के कब्जे से 8.35 ग्राम स्मैक व 14.98 ग्राम स्मैक कट व 02 सीलर पेपर व अभियुक्त सौहेल उर्फ अलिजान उपरोक्त के कब्जे से 10.20 ग्राम स्मैक व 17.59 ग्राम स्मैक कट व 02 सीलर पेपर बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना मिर्जापुर पर मु0अ0सं0 92/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**विवरण पूछताछ-** पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने एक स्वर में बताया कि हम लोग उत्तराखण्ड से यह नशीला सामान सस्ते दामों में लेकर आते है और ट्रक चालको व नशा करने वाले लोगो को महगे दामो में बेच देते है। जिससे हमारी अच्छी खासी कमाई हो जाती है और हम अपने खाने पीने व घूमने फिरने के शौक पूर कर लेते है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

1.अहसान पुत्र नसीम निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
2.सोहेल उर्फ अलिजान पुत्र नसीम निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः–**

**1.अहसान उपरोक्त के कब्जे से-**

- 8.35 ग्राम स्मैक व
- 14.98 ग्राम स्मैक कट व
- 02 सिलवर पेपर

**2.सोहेल उर्फ अलिजान के कब्जे से-**

- 10.20 ग्राम स्मैक
- 17.59 ग्राम स्मैक कट
- 02 सिलवर पेपर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः–**

1. उ0नि0 श्री चरन पाल सिंह थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।
2. का0 2415 अंकित कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।
3. का0 2543 सोनू कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 27.06.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपान में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा **एससी/एसटी एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त शान अंसारी पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला किला खेवान कस्बा व थाना सरधना जनपद मेरठ** को ग्राम टपरी स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त शान अंसारी उपरोक्त थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मु0अ0सं0 230/2025 धारा 87/64(1) बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वांछित चल रहा था । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुध्द अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-**

शान अंसारी पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला किला खेवान कस्बा व थाना सरधना जनपद मेरठ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह चौहान थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. है0का0 917 धर्मवीर सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. है0का0 515 राहुल कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक:27.06.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार व कब्जे से एक छुरा बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 27.06.2025 को वादी श्री उस्मान पुत्र अश्फाक हुसैन निवासी मौहल्ला बडी तरफ शेखपुरा कदीम कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त सैय्यद मौहम्मद अब्दुल्ला पुत्र मौ0 अहमद निवासी मोहल्ला दरवारा शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर द्वारा वादी के भतीजे के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट करना एवं घायल कर देने के सम्बंध मे थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 224/2025 धारा 115(2)/118(2)/351(3)/352/109 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए गये, जिनके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 27.06.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **सैय्यद मौहम्मद अब्दुल्ला पुत्र मौ0 अहमद निवासी मौ0 दरवारा शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर** को सेठ दौलतराम नागपाल के आम के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 छुरा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-**

सैय्यद मौहम्मद अब्दुल्ला पुत्र मौ0 अहमद नि0 मौ0 दरवारा शेखपुरा कदीम थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

- मु0अ0स0 244/2025 धारा 115(2)/118(2)/351(3)/352/109 बीएनएस थाना कोतवाली देहात स0पुर।
- मु0अ0स0 4/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात स0पुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री महेन्द्र सिह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. है0का0 917 धर्मवीर सिह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. का0 2098 अमित कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

दिनांक: 27.06.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना देवबन्द पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 100 ग्राम अवैध चरस बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज 27.06.2025 को चैकिग के दौरान 01 नशा तस्कर अभियुक्त **हारिश पुत्र युनुश निवासी मकान मौ0 वक्फ दारुल उलुम हाल मकान जद्दू बेरुन कोटला कस्बा व थाना देवबन्द सहारनपुर** को 100 ग्राम अवैध चरस के साथ माता बाला सुन्दरी मन्दिर के गेट के पास निर्माणाधीन दुकान से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0-405/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

हारिश पुत्र युनुश निवासी मकान मौ0 वक्फ दारुल उलुम हाल मकान जद्दू बेरुन कोटला कस्बा व थाना देवबन्द स0पुर

**बरामदगी का विवरण –**

100 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –**

मु0अ0स0 116/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना देवबंद जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1- उ0नि0 श्री रविन्द्र कसाना थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

2- हे.का. 56 ललित कुमार थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

3- है0का0 1047 सतीश कुमार थाना देवबंद देवबंद जिला सहारनपुर

4- का0 1980 योगेश कुमार थाना देवबंद जिला सहारनपुर